केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/73 दिनांक: 16.03.2018
संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00066
CICOM/R/2018/00051

अपीलकर्ता : श्री बिमल शंकर विश्वकर्मा,
सदर बाजार, बड़ी काली नं. 1 रोड,
पो0 – जमालपुर – 811214.
जिला – मुंगेर, बिहार ।

निर्णय की तारीख : 16.03.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 27.12.2017 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 23.01.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. तलपात्रा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 07.02.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 63/16.02.2018 (110325/15.02.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 27.12.2017 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से आयोग द्वारा उनकी चार याचिका खारिज किए जाने से संबंधित सूचना मांगी गई थी, जिसके प्रतिउत्तर में श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (ए.बी.) कार्यालय द्वारा प्रदान की गई सूचना के विरुद्ध अपीलकर्ता ने प्रथम अपील दाखिल की है ।

2. संबंधित संचिका एवं प्रथम अपील का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता द्वारा उक्त आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से मांगी गई सूचना एवं श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा दिनांक 23.01.2018 को पत्र सं. CICOM/R/2018/00051+ 00053/185 के माध्यम से प्रदान की गई सूचना में कोई समानता नहीं है । साथ ही यह भी पाया गया कि श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा एक ही पत्र सं. CICOM/R/2018/00051+ 00053/185 के माध्यम से अपीलकर्ता के दो आर.टी.आई. आवेदनों से संबंधित सूचना उपलब्ध करवाई गई है, जबकि दूसरे आर.टी.आई. आवेदन (सं. CICOM/R/2018/00053) के माध्यम से मांगी गई सूचना बिल्कुल अलग है । अत: श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (ए.बी.) कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि आर.टी.आई. आवेदन का पुन: अवलोकन करें एवं इस आदेश की प्राप्ति के दस दिनों के अंदर अपीलकर्ता को वांछित सूचना उपलब्ध करवाएं ।

3. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

4. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
16 MAR 2018
D. No........

O/C

राकेश
(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :
1. श्री ए. के. शर्मा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी एवं उप-पंजीयक, सूचना आयुक्त (ए.बी.) कार्यालय, नई दिल्ली ।

16/03/18
Ravi 16/3/18